खबर संक्षेप



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने थाना प्रभारी को सौपा ज्ञापन

स्लीमनाबाद। शारदेय नवरात्र का आगाज रविवार 11 अक्टूबर से हो रहा है।आदिशक्ति जगत जननी के 9 दिनों की आराधना के पर्व पर जिले में मांस की बिक्री न हो इसके लिए विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई।स्लीमनाबाद मैं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा स्लीमनाबाद थाना पहुंचकर तहसीलदार थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौ दिनों तक मांस की दुकानें बंद रखी जाने की मांग की।क्योंकि इस त्यौहार के दौरान मांस -मछली के विक्रय से हिन्दू धर्म के लोगों की श्रद्धा को चोट पहुँचती है!जिससे पावन पर्व की गरिमा बनी रहे।साथ ही गरबा एवं देवी पंडालो मे प्रवेश केवल हिंदू श्रद्धालुओं तक सीमित हो, संदिग्ध तत्वों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाये!आयोजनों मे अश्लील एवं फ़ल्मि गीतों का प्रयोग निषेध हो, केवल पारम्परिक एवं भक्ति संगीत का उपयोग किया जाये!देवी पंडालो मे पुरुष व महिलाएं मर्यादित कपड़े ही पहनकर मंदिर मे प्रवेश करें!इस दौरान मनोज मिश्रा,सानू ठाकुर,दीपक मिश्रा, पंकज साहू, हर्ष द्विवेदी सहित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सदस्य मौजूद रहे।

बदमाश ने महिला के गले से छीना मंगलसूत्र

कटनी। स्लीमनाबाद क्षेत्र में एक बदमाश महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर रफूचक्कर हो गया। जानकारी के अनुसार लिगरी निवासी गुड्डी बाई कुशवाहा सुबह करीब 7:30 बजे लिगरी रोड पर तीरथ कुशवाहा के घर के पास थीं। तभी अज्ञात बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले में पहना सोने का मंगलसूत्र छीन लिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद पुलिस मौके पर पहुँची और छानबीन शुरू की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

माधवनगर क्षेत्र में मोटर साइकिल हुई चोरी

कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चावला चौक से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। अज्ञात चोर दुकान के पास खड़ी गाड़ी पार कर रफूचक्कर हो गया। जानकारी के अनुसार घघरीकला निवासी धर्मेंद्र सिंह पिता मोहन सिंह 30 वर्ष चावला चौक स्थित मोहित ट्रेडर्स के बाजू में अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZF 9185 खड़ी कर किसी काम से गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने मौका पाकर बाइक चोरी कर ली। वापस आने पर जब बाइक नहीं मिली तो थाना पहुंचे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

शक्ति आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र आज से, मां जगत जननी की भक्ति में डूबेंगे श्रद्धालु

माता के दरबार में आज से लगेगी भक्तों की कतार

नवरात्रि की तिथियां

मां शैलपुत्री की पूजा
पहला दिन 11 अक्टूबर

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
दूसरा दिन 12 अक्टूबर

मां चंद्रघंटा पूजा
तीसरा दिन 13 अक्टूबर

मां कुष्मांडा की पूजा
चौथा दिन 14 अक्टूबर

मां स्कंदमाता की पूजा
पांचवा दिन 15 अक्टूबर

मां कात्यायनी की पूजा
छठवां दिन 16 अक्टूबर

मां कालरात्रि की पूजा
सातवां दिन 17 अक्टूबर

मां महागौरी की पूजा
आठवां दिन 18 अक्टूबर

मां सिद्धिदात्री की पूजा
नौवा दिन 19 अक्टूबर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जगत जननी आदिशक्ति मां भवानी की भक्ति उपासना व आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि की शुरुआत आज रविवार 11 अक्टूबर से हो रही है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। मां आदिशक्ति की भक्ति आराधना के लिये मंदिरों, दिवालों, मढ़िया सहित जगह जगह सुसज्जित पंडालों में प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियां अंतिम दौर में है। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आज रविवार से देवी मंदिरों में माताराणी की पूजा अर्चना एवं जलार्पण करने के लिये अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी। नवरात्र में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। दुर्गोत्सव समितियों द्वारा माताराणी की प्रतिमाओं को ले जाने का क्रम चलता रहा।

हिंदू पंचाग एवं ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष नवरात्र पर्व पर मां जगत जननी का आगमन हाथी पर होगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार हाथी पर मां का आगमन शुभ माना जाता है जिसे शुभ और समृद्धिकारक माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार माताराणी हाथी पर सवार होकर आती हैं जो बहुत शुभ और फलदायी माने जाते हैं। हिंदू पुराणों में मान्यता है कि कलश को भगवान विष्णु का रूप माना जाता है इसलिए देवी की पूजा से पहले कलश का पूजन किया जाता है।

हिंदू धर्म में नवरात्रि पर्व मां शक्ति की पूजा-उपासना के लिए विशेष माना गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार सालभर में कुल चार नवरात्रि आते हैं- दो गुप्त नवरात्रि, एक चैत्र नवरात्रि और एक शारदीय नवरात्रि। सभी नवरात्रि में शारदीय और चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा का पूजन प्रारंभ किया जाता है। घटस्थापना के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व होता है।

मंदिरों में सुबह से उमड़ेगी भीड़

नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई है। कलश स्थापना के साथ जवारे भी बोये जाएंगे। शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र मां जालपा मढिया के साथ ही अन्य देवी मंदिरों में भी पूजा अर्चना करने सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। प्रमुख मंदिरों में आजाद चौक स्थित आदिशक्ति जगत जननी दुर्गा मंदिर, बाबली टोला स्थित मरही माता मंदिर, झंडा बाजार स्थित खेरमाई मंदिर, बरगवां स्थित भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर, घंटाघर स्थित काली मंदिर, आयुध निर्माणी स्थित काली मंदिर में अलसुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ेगी।

शैलपुत्री

नवरात्र का पहला दिन प्रतिपदा का होता है । इस दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजन किया जाता है। इस दिन पूजा करते समय पीले रंग के कपड़े पहनकर पूजा करने से लाभ मिलता है।

ब्रह्मचारिणी

नवरात्र के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की उपासना करते समय हरे रंग के कपड़े पहनने से लाभ मिलता है।

चंद्रघंटा

नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे रूप चंद्रघंटा का पूजन किया जाता है। इस दिन मां चंद्रघंटा को ग्रे(स्लेटी) रंग के कपड़े पहनकर पूजा करने से आपके बिगड़े हुए काम बनने लगते हैं।

कूष्मांडा

नवरात्र के चौथे दिन को बेहद पवित्र माना जाता है। इस दिन दुर्गा मां के चौथे रूप कूष्मांडा की आराधना की जाती है। माता कुष्मांडा को नारंगी रंग बहुत प्रिय है इसलिए उनकी उपासना करते समय नारंगी रंग के कपड़े पहनकर पूजा करनी चाहिए।

स्कंदमाता

नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा-अचर्ना सफेद रंग के कपड़े पहनकर की जाती है। श्रद्धा भाव से मां की उपासना करने पर मनुष्य की सभी इच्छाएं पूरी होती है।

कात्यायनी

दुर्गा मां का छठा रूप माता कात्यायनी है। इस दिन लाल रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा अचर्ना करनी चाहिए।

कालरात्रि

नवरात्र के सातवें दिन माता कालरात्रि की पूजा नीले रंग के कपड़े पहनकर करना शुभ माना जाता है।

महागौरी

अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा गुलाबी रंग के कपड़े पहनकर करना शुभ होता है।

सिद्धिदात्री

नवरात्रि के नौवें और आखिरी दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा बैंगनी रंग के कपड़े पहनकर की जाने का नियम है। मां सिद्धिदात्री की उपासना करने से भक्त को सिद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

छज्जा गिरने से मध्यान्ह भोजन बना रही 4 महिलाएं घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत चाका ग्राम पंचायत स्थित प्राथमिक स्कूल में शनिवार दोपहर बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार कर रहीं चार महिलाएं अचानक भवन का छज्जा गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को तत्काल शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे चाका ग्राम पंचायत के प्राथमिक स्कूल में महिलाएं रोजाना की तरह बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार करने में जुटी हुई थीं। इसी दौरान अचानक स्कूल भवन का पुराना छज्जा भरभराकर उनके ऊपर आ गिरा। इस अचानक हुए हादसे में भोजन बना रही चारों महिलाएं मलबे की चपेट में आ गई। घटना के तुरंत बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों व परिजनों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। इस दुर्घटना में ममता बर्मन, अहिल्या बर्मन, आशा बाई बर्मन, दुर्गाबाई बर्मन घायल हो गई।

घायलों का चल रहा इलाज

घटना की सूचना मिलते ही कुठला थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद सभी घायल महिलाओं को तत्काल शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों की निगरानी की जा रही है।

बताया जा रहा है कि ये सभी महिलाएं कई वर्षों से स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य कर रही हैं। रोज की तरह वे अपना काम कर रही थीं, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हो गया।

घटना ने सरकारी स्कूलों के भवनों की सुरक्षा और रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल छज्जा गिरने के वास्तविक कारणों का अभी आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं हो सका है यह जांच का विषय है कि हादसा भवन की जर्जर स्थिति के कारण हुआ या रखरखाव में किसी प्रकार की अनदेखी इसका कारण बनी।

कम लागत में बेहतर उपज प्राप्त करने दी गई जानकारी



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खाद निर्माण एवं फसलों में उसके उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत कम समय में तैयार होने वाली जैविक खादों के निर्माण की विधि समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही मटका खाद, जीवामृत, घन जीवामृत, बीज उपचार के लिए बीजामृत तथा कम समय में तैयार होने वाली जैविक खादों के निर्माण एवं फसलों में उपयोग की तकनीक बताई गई। जैविक कृषि विशेषज्ञ ने जीवामृत खाद बनाने की विधि समझाते हुए बताया कि इसके लिए देशी गाय का 10 किलो गोबर, 10 लीटर गोमूत्र, 2 किलो गुड़, 2 किलो बेसन, पेड़ के नीचे की 2 किलो मिट्टी और 180 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। सभी सामग्रियों को प्लास्टिक के ड्रम में मिलाकर लकड़ी के डंडे से दिन में दो बार हिलाया जाता है। इसके बाद मिश्रण को छायादार स्थान पर 5 से 6 दिन तक रखा जाता है।

हाईस्कूल किया निरीक्षण, शिक्षण व्यवस्था एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने शुक्रवार को शासकीय हाईस्कूल बड़गांव का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की अध्ययन प्रगति तथा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और विषयों से संबंधित प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक समझ का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश की उपलब्धता, प्रत्येक विषय के नियमित एवं प्रभावी अध्यापन तथा मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारु संचालन और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

विद्यार्थियों से संवाद कर परखी शैक्षणिक गुणवत्ता

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने कक्षा आठवीं में पाठ्यपुस्तक वितरण की स्थिति की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों को गणवेश उपलब्ध कराने और सभी विषयों का नियमित रूप से प्रभावी अध्यापन सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों से विज्ञान विषय पर संवाद करते हुए छात्र संस्कार उपाध्याय से मीथेन, ईथेन एवं ब्यूटेन की संरचना तथा पाचन तंत्र से संबंधित प्रश्न पूछे। वहीं छात्रा सोनाली यादव से हृदय की संरचना के संबंध में चर्चा कर उसकी विषयगत समझ जानी। विद्यार्थियों के साथ इस प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उन्होंने कक्षा में अर्जित ज्ञान और अध्ययन की स्थिति को समझने का प्रयास किया। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

मृत छात्रा के परिजनों को 20 हजार रूपये की दी तत्कालिक सहायता

बस मालिक व चालक पर मामला दर्ज, फिटनेस निरस्त के साथ चालक का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़-बंजारी के पास शनिवार को हुई बस दुर्घटना में किशोरी की मृत्यु और 33 यात्रियों के घायल होने की घटना के बाद प्रदेश के परिवहन सचिव मनीष सिंह के निर्देश पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने बस मालिक शेख यासीन एवं वाहन चालक सत्यम पाण्डेय के विरूद्ध विजयराघवगढ़ पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1), 125(a), भारतीय न्याय संहिता 281 एवं मोटरयान अधिनियम 1988 (संशोधन 2015,2019) की धारा 184 के तहत एफआईआर दर्ज करवाया है।

बस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिवहन सचिव श्री सिंह ने कलेक्टर कटनी और एआरटीओ कटनी को एफआईआर दर्ज कराने सहित बस का फिटनेस व परमिट निरस्त करने और चालक का लायसेंस निलंबित करने जैसी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये थे। इसके बाद एआरटीओ द्वारा बस का फिटनेस निरस्त कर दिया गया है और बस चालक का भी लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

बस संचालन की अनुमति आरटीओ कार्यालय रीवा द्वारा जारी होने की वजह से वहां पत्राचार कर परिमट निरस्त करने की प्रक्रिया भी प्रचलन में है। एआरटीओ संतोष पाल ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस रजा बस सर्विस की है। जिसका बस क्रमांक एमपी-14-बीडी-0811 है।

घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा तत्काल विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल पहुंचे और घायलों के स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली। कलेक्टर ने चिकित्सकों को सभी घायलों का बेहतर और समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सहायता देने के लिये प्रकरण हो रहा तैयार

मृत छात्रा के परिजनों को जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से कलेक्टर श्री तिवारी ने 20 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की। इसके अलावा कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार विजयराघवगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से मृत बालिका के परिजन को आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रकरण भी तैयार किया जा रहा है।

घायलों का उपचार जारी

दुर्घटना में 33 घायलों का जहां सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में उपचार शुरू किया गया था। वहीं 12 गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। बीएमओ विजयराघवगढ़ डॉ. विनोद कुमार के मुताबिक वर्तमान में सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में भर्ती 8 मरीजों का ही उपचार चल रहा है, शेष भर्ती सभी मरीजों को उपचार एवं दवाई देकर छुट्टी दे दी गई है।

दूसरे दिन 194 मरीजों की जांच, तीन टीबी संभावित मरीज मिले

कलेक्टर ने किया निरीक्षण, विशेषज्ञों ने दी परामर्श एवं उपचार की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



टीबी एवं छाती संबंधी बीमारियों की पहचान और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमोर में 9 और 10 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। शनिवार को कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में जिला चिकित्सालय कटनी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया।

शिविर के दूसरे दिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं सुपर स्पेशलिस्ट डॉ. आशीष दीवान तथा डीएम सीनियर पल्मोनरी मेडिसिन के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ. अनुज मोहन ने मरीजों की जांच की। इस दौरान कुल 194 मरीजों की जांच की गई। इनमें 94 मरीजों के एक्सरे किए गए, 118 निक्षय आईडी बनाई गईं तथा 10 मरीजों के बलगम के नमूने जांच के लिए लिए गए।

शिविर में 139 मरीजों की ब्लड शुगर एवं 29 मरीजों के ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इसके अलावा 139 मरीजों की एचआईवी जांच की गई, जिसमें सभी के परिणाम नॉन-रिएक्टिव रहे। जांच के दौरान टीबी के तीन संभावित मरीज भी मिले।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने शिविर में पहुंचे मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजसिंह ठाकुर, जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र दीवान, बीएमओ सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ डॉ. विनोद कुमार, पीएचसी कैमोर की आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. मोहिता दीक्षित सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

शिविर के प्रथम दिवस जिला चिकित्सालय कटनी के टीबी एवं चेस्ट विशेषज्ञ डॉ. एसपी सोनी और डॉ. शिव मोहन सराफ ने मरीजों की जांच की। विकासखंड सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा दल ने भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। पहले दिन 121 मरीजों ने पंजीयन कराया था। इस दौरान 60 मरीजों के एक्सरे किए गए, जिनमें टीबी के दो पुराने मरीज मिले, जबकि 58 व्यक्तियों की रिपोर्ट सामान्य रही। वहीं, 84 मरीजों की ब्लड शुगर जांच में 11 मरीज डायबिटीज से पीड़ित पाए गए। इसके अतिरिक्त 84 मरीजों की बलगम जांच, 90 निक्षय जांच, 84 एचआईवी जांच और 84 हेपेटाइटिस जांच की गई।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि सांस लेने में परेशानी, खांसी में खून आना, लगातार वजन घटना, भूख न लगना, छाती में दर्द तथा 15 दिन से अधिक समय तक खांसी या बुखार रहने पर तत्काल स्वास्थ्य जांच कराएं। समय पर जांच और उपचार से टीबी सहित अन्य छाती संबंधी बीमारियों की पहचान कर उनके प्रभावी उपचार में मदद मिलती है।

रावण दहन की तैयारियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने शनिवार को दशहरा पर्व पर कैमोर के एसीसी दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और एसीसी प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने एसीसी प्रबंधन के अधिकारियों से चर्चा कर आमजन के प्रवेश और निकास, पार्किंग, सुरक्षा प्रबंध तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि आयोजन के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और भीड़ प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

कलेक्टर ने विद्युत चालित झूले के संचालन के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग के इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल विंग से सुरक्षा प्रमाणन प्राप्त करने के बाद ही झूला शुरू किया जाए। सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अमरैयापार से झंडा चौक अस्पताल तक सड़क पर धूल नियंत्रण के लिए टैंकर से नियमित पानी का छिड़काव कराने के निर्देश भी दिए, ताकि आवागमन के दौरान नागरिकों को परेशानी न हो। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने तथा आयोजन स्थल पर आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सीएमओ मनीष परते को हाका गैंग सक्रिय कर सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कैमोर टीआई आशीष शर्मा और एसीसी प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



सड़क निर्माण की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

उमरियापान। उमरियापान क्षेत्र के हरदी, अमकुही, देवरी और ककरहिया गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग उठाई जा रही है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने उमरियापान तहसील पहुंचकर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए सड़क निर्माण की योजना तैयार कर स्वीकृति प्रदान करने तथा निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मांग पूरी नहीं होने पर 24 अक्टूबर शनिवार को हरदी मोड़ स्थित मुख्य मार्ग पर एकजुट होकर प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

कटनी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देशानुसार ग्रामीण विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार फील्ड विजिट कर कार्यों की निगरानी कर पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा युजवेंद्र कोरी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित एवं निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत भटगवां में नल-जल योजना के कार्यों एवं निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन, ग्राम पंचायत पिपरिया सहलावन में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन तथा ग्राम पंचायत टोला भरभरा में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वच्छता परिसर (CSC) का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं एवं मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस दौरान जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी-कर्मचारी और ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक मौजूद रहे।

नवरात्र में मांसाहार और शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग



उमरियापान। शारदीय नवरात्र के दौरान मांसाहार और शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर ढीमरखेड़ा ने नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने सहित आसपास के गांवों में अंडा, मांस की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने के साथ अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि शारदीय नवरात्र हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख पर्व है। इस दौरान श्रद्धालु व्रत, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। ऐसे में नवरात्र के 11 दिनों तक मांसाहार की बिक्री पर नियमानुसार रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

मोटर साइकिल चोरी

कटनी। बरही थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना हुई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार देवगवां थाना इंदवार निवासी रवि कुमार विश्वकर्मा 35 वर्ष की मोटरसाइकिल सरस्वती स्कूल के पास खड़ी थी जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस तलाश में जुटी है।

बंजारी के समीप हादसे के बाद मची चीख पुकार, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

अनियंत्रित होकर पलटी बस, किशोरी की मौत, 42 यात्री हुये घायल, 13 कटनी रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





शनिवार को एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा बंजारी के समीप हुआ। बस पलटने से घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक किशोरी को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई। हादसे में करीब 42 यात्री घायल हुए हैं। दुर्घटना में घायल यात्रियों को एम्बुलेंस की मदद से तत्काल विजयराघवगढ़ अस्पताल पहुँचाया गया। दुर्घटनाग्रस्त बस 'रज्ञा बस सर्विस' की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से दुर्घटनास्थल पर फँसे घायल यात्रियों को बाहर निकालने और त्वरित उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। हादसे के सटीक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

बस दुर्घटना में एक किशोरी की मृत्यु और 42 यात्रियों के घायल होने की घटना के बाद जिला प्रशासन तत्काल सक्रिय हुआ। कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनके उपचार की जानकारी ली।

कलेक्टर-एसपी पहुंचे अस्पताल

दुर्घटनाग्रस्त बस क्रमांक एमपी-14-बीडी-0811 में सवार पिपरा निवासी 16 वर्षीय अनीता लोधी, पिता संतोष लोधी की हादसे में मृत्यु हो गई। दुर्घटना में घायल सभी 42 यात्रियों को तत्काल सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ पहुंचाकर उपचार शुरू कराया गया। इनमें से 13 घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों को सभी घायलों का बेहतर और समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंभीर घायलों को आवश्यकतानुसार तत्काल जिला चिकित्सालय रेफर करने को भी कहा।

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीएम विजयराघवगढ़ प्रमोद चतुर्वेदी को घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की। बीएमओ डॉ विनोद कुमार ने बताया कि वर्तमान में आठ घायल विजयराघवगढ़ अस्पताल में भर्ती हैं। अन्य घायलों को उपचार एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के बाद छुट्टी दे दी गई है।



नशा मुक्त भारत के संदेश के साथ निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूरी में नशा मुक्त भारत थीम पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय की प्राचार्या गरिमा चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन एवं अभियान प्रभारी सुमेर सिंह लोधी के नेतृत्व में आयोजित रैली में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।

रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, नशे की लत एक बीमारी है, इससे दूर रहना समझदारी है, जो नशे को हराएगा, वही सच्चा वीर कहलाएगा सहित विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया और नशे की आदत छोड़कर स्वस्थ एवं बेहतर जीवन जीने का आग्रह किया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नशे से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर से शुरू हुई जागरूकता रैली गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी।

जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान प्रभारी सुमेर सिंह लोधी ने कहा कि आज के समय में सबसे चिंता की बात है कि पुरुष या महिलाओं के साथ-साथ छोटे बच्चे भी तेजी से नशे का शिकार होते जा रहे हैं नशे की वजह से अनेक बीमारियां अपराध और दुर्घटनाएं होती हैं ।नशे की हालत में जो घरेलू क्लेश और लड़ाई झगड़े होते हैं ।इसके बदले में सिर्फ बर्बादी ही मिलती है ।इसलिए अक्सर देखा जाता है की इन्हीं परिवारों के मासूम बच्चे बड़े होकर पूरे समाज के लिए चिंता का सबक बन जाते हैं तथा उचित शिक्षा और अच्छे माहौल के अभाव में या तो जिंदगी में गरीबी से संघर्ष करते हैं या अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं।

9 दिनों तक आदिशक्ति की आराधना में लीन रहेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



आदिशक्ति, जगतजननी की आराधना का पर्व शारदेय नवरात्र स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा।नवरात्र उत्सव को खास मनाने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं है। देवी मंदिर ओर पंडाल सजधजकर तैयार हो गए है! इस बार नवरात्रि महोत्सव पूरे नौ दिन तक मनाया जाएगा, क्योंकि सालों बाद इस बार नवरात्रि में पूरे 9 दिन आ रहे हैं। ऐसे में माता की आराधना श्रद्धालु पूरे 9 दिन कर पाएंगे। वही देवी प्रतिमाओं को भी अंतिम रूप देने का काम मूर्तिकार कर चुके है ।

स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे नवरात्र उत्सव पर देवी पुराण नवाहयज्ञ भी आयोजित होगा जिसमें 9 दिनों तक विविध धार्मिक अनुष्ठान के साथ देवी भागवत कथा आयोजित होगी। कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जायेगा। वही खड़रा स्थित शारदा मंदिर, प्रसिद्ध तिंगवा मंदिर व पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर मे भी नवरात्र उत्सव को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सभी देवी मंदिरों मैं ज्वारे बोए जाएंगे साथ ही मन्नत कलश भी स्थापित किये जाते है।

हाथी पर सवार होकर आएंगी माताराानी

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया किशक्ति की आराधना का महापर्व शारदेय नवरात्र इस बार शुभयोगों और धार्मिक उल्लास के बीच शुरू होगा। 11 अक्टूबर से मां दुर्गा की आराधना का सिलसिला शुरू होकर 20 अक्टूबर को नवमी तक चलेगा। इसी दिन विजयादशमी का पर्व भी मनाया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार नवरात्र में गजकेसरी योग और चित्रा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। हाथी पर सवार होकर जगत जननी माताराानी आएँगी!ज्योतिषीय गणना के अनुसार, चंद्रमा और गुरु के केंद्र में होने से गजकेसरी योग बनेगा। वहीं, नवरात्र के दौरान तीन दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और एक दिन अमृत सिद्धि योग भी रहेगा।

घटस्थापना के लिये मुहुर्त

घटस्थापना के लिए सबसे शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 19 मिनट से 10 बजकर 12 मिनट तक है।इसके अतिरिक्त, अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 44 मिनट से से दोपहर 12 बजकर 31 मिनट तक रहेगा।इन दोनों मुहूर्तों में घटस्थापना कर देवी दुर्गा का पूजन आरंभ करना अत्यंत फलदायी माना गया है।

तेवरी मे रामलीला मंचन शुरू

शारदेय नवरात्र के पावन अवसर पर तेवरी मे श्रीकृष्ण नाट्य रासलीला समिति तेवरी के द्वारा रामलीला का मंचन शुरू कर दिया गया है!वही खिरहनी मे भी रामलीला का मंचन शुरू हो गया है।

छात्र छात्राओं को औद्योगिक संस्थान का कराया भ्रमण



स्कूलों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ- साथ व्यवसायिक शिक्षा की ओर भी बढ़ाया जाये जिससे विद्यार्थी आत्मनिर्भर बन सके !शिक्षा विभाग के द्वारा रोजगार मूलक कोर्स भी चलाये जा रहे है। इसी तारतम्य मे शनिवार को सांदीपनि शासकीय स्कूल स्लीमनाबाद में विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत नवीन व्यावसायिक शिक्षा द्वारा संचालित प्लंबिंग ट्रेड के विद्यार्थियों ने जय माँ कंप्यूटर इंस्टिट्यूट स्लीमनाबाद का औद्योगिक भ्रमण किया जहाँ प्राचार्य डी के ठाकुर की उपस्थिति में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आईसीटी लैब का भ्रमण कराया गया जहाँ विद्यार्थियों को कृष्णा त्रिपाठी के द्वारा आईसीटी लैब भ्रमण के बारे मे फायदे बतलाये गए ।कहा गया कि आईसीटी लैब से डिजिटल साक्षरता में वृद्धि, कंप्यूटर बिलिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी, प्लंबिंग डिजाइन सॉफ्टवेयर का प्रयोग,ऑनलाइन मापन तकनीक की समझ, रोजगार के भविष्य में बेहतर अवसर मिलते हैं !इसके अलावा विद्यालय में संचालित हैं ये ट्रेड- प्लंबिंग, बैंकिंग फाइनेंस , आईटीआई के बारे जानकारियां प्रदान की गईं ।इसके अलावा विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद का भ्रमण कराया गया जहाँ चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गईं ।

पर्वों को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से उमरियापान थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना, विसर्जन के लिए निर्धारित स्थलों, चल समारोह, यातायात प्रबंधन, बिजली व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने सभी दुर्गा उत्सव समितियों से अपील की कि वे शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए धार्मिक आयोजन करें। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निर्धारित स्थानों का ही उपयोग किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की आशंका न रहे। समितियां विसर्जन के दौरान अनुशासन बनाए रखें और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। किसी भी स्थान पर विवाद, असुविधा या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन चल समारोह के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा जाम की स्थिति से बचने के उपायों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों और दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों से सुझाव भी मांगे गए, ताकि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।बैठक में सरपंच अटल व्यौहार, जनपद सदस्य शैलेंद्र पौराणिक, शिवकुमार चौरसिया आदि मौजूद थे।

डाइट में 125 शिक्षकों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कटनी में प्राथमिक शालाओं के 125 शिक्षकों का एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण आयोजित किया गया। इसमें जिले के छह विकासखंडों के कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाने वाले शिक्षक शामिल हुए। उन्मुखीकरण में शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) के प्रभावी उपयोग, बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार और शालाओं को निपुण बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

17 और 24 अक्टूबर को होंगे शैक्षिक संवाद

डाइट के शैक्षिक संवाद प्रभारी राकेश सिन्नरकर ने बताया कि इस माह 17 अक्टूबर को कक्षा 1 से 2 तथा 24 अक्टूबर को कक्षा 3 से 5 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र पर शैक्षिक संवाद आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तर से प्रशिक्षित सहजकर्ता निधि चतुर्वेदी एवं आनंद मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन, प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी, शैक्षिक संवाद के उद्देश्य एवं सिद्धांत तथा प्रभावी चर्चा के लिए बैठक व्यवस्था की जानकारी दी। इस माह की थीम 'शिक्षण अधिगम सामग्री और सीखना' पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

सितंबर माह के शैक्षिक संवाद 'सीखने के लिए आकलन' के अंतर्गत ट्रैकर के आधार पर समूह निर्माण तथा बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए उपयुक्त शिक्षण सामग्री के उपयोग पर शिक्षकों से संवाद किया गया। वर्ष 2025 में राज्य द्वारा चयनित शालाओं में कराए गए एफएलएन सर्वे के आधार पर विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर सुधारात्मक कदम उठाने की रणनीति पर चर्चा हुई। लर्निंग किट और जादुई पिटारा के प्रभावी उपयोग को केस स्टडी के माध्यम से समझाया गया। डीएलएड के छात्र अध्यापकों द्वारा तैयार शिक्षण अधिगम सामग्री का भी अवलोकन कराया गया।

प्रशिक्षण प्रभारी राजेंद्र असाटी ने कलेक्टर के निर्देशन में निर्धारित मॉनिटरिंग के सभी 12 बिंदुओं, अकादमिक गुणवत्ता संबंधी निर्देशों, निपुण शाला बनाने के लिए कार्यवाही और निपुण शाला सत्यापन की रणनीति पर जानकारी दी। उन्होंने प्राथमिक शालाओं को निपुण बनाने की प्रक्रिया तथा इसमें शिक्षकों और जनशिक्षकों की भूमिका को विस्तार से समझाया।

शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग से बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता



शहर का भ्रमण कर निगमायुक्त ने देखी व्यवस्थाएं

आयुक्त ने दी हिदायत, दुकान के सीमा के अंदर ही रखें सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर की यातायात, प्रकाश एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने देर शाम मिशन चौक से सुभाष चौक मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालों के ऊपर बने फुटपाथों पर अतिक्रमण, अनाधिकृत बैनर पोस्टर, प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर वर्तमान व्यवस्थाओं सुधार लाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर सामग्री रखकर व्यवसाय करते पाए जाने पर निगमायुक्त ने दुकान संचालकों से संवाद कर कहा कि नागरिकों और व्यापारियों के सकारात्मक सहयोग के बिना व्यवस्थाओं में स्थायी सुधार संभव नहीं है। यदि आप सामग्री दुकान की सीमा के भीतर रखकर व्यवसाय करेंगे तो आवागमन बाधित नहीं होने के साथ व्यवस्थाओं में भी सुधार होगा।

अतिक्रमण पर करें कार्यवाही

निगमायुक्त ने मिशन चौक मुख्य चौराहे के निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप से मुड़वारा स्टेशन मार्ग तथा नगीना मस्जिद के सामने कॉर्नर की सड़क पर सामग्री रखकर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों एवं फुटपाथ पर ठेला-टपरा लगाकर व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश अतिक्रमण अमले को दिए। उन्होंने फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त रखते हुए पैदल राहगीरों के लिए सुरक्षित बनाने हेतु निर्धारित रोस्टर अनुसार नियमित कार्यवाही सुनिश्चित करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान सिटी कोतवाली के सामने सार्वजनिक मार्ग को क्षतिग्रस्त कर टेंट लगाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित टेंट संचालक को नोटिस जारी करने एवं थाना तिराहा, मिशन चौक, एवं जगन्नाथ चौक में अनाधिकृत रूप से लगने वाले बैनर पोस्टर पर भी कार्यवाही करने के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी को दिए। इस दौरान 5 व्यवसायियों के खिलाफ 3 हजार 200 रूपये का स्पॉट फाइन भी लगाया गया।

निगमायुक्त ने उपयंत्री रवि हनोते एवं हिमांशु गौतम को निर्देशित किया गया कि नालों के ऊपर निर्मित फुटपाथों को पूर्णतः दुरुस्त किया जाए। सुरक्षा की दृष्टि से खुले नाले को तत्काल ढकने के निर्देश भी दिये।

एक साल से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक साल से फरार चल रहे 5,000 रूपये के इनामी आरोपी को बड़वारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुंदर सिंह 59 साल निवासी ग्राम लोखरिया, थाना कोठी, जिला सतना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मामले में खमतरा शराब दुकान के मैनेजर पर शराब उपलब्ध कराने का आरोप है।

घटना पर एक नजर

पुलिस के अनुसार 15 अक्टूबर 2025 की रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंडीवर कार क्रमांक MP21CA0021 से बिक्री के लिए अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना पर बड़वारा पुलिस ने ग्राम पथवारी स्थित रेलवे अंडरब्रिज के पास वाहन को रोककर तलाशी ली। कार में रवि सिंह (48), निवासी बंगला खितौली तथा आनंद राम उर्फ सोनी कुशवाहा (46), निवासी ऊटिन टोला हदरहटा, थाना बरही, जिला कटनी सवार थे। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से देशी प्लेन शराब की 9 पेटी और देशी लाल मसाला शराब की 10 पेटियां बरामद हुईं। कुल 19 पेटियों में 950 पाव, करीब 171 लीटर शराब मिली। शराब के वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

घटना के बाद से था फरार

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार दोनों आरोपियों के मेमोरेंडम कथनों के आधार पर खमतरा शराब दुकान के मैनेजर द्वारा शराब उपलब्ध कराए जाने की जानकारी सामने आई। पूछताछ के दौरान मैनेजर की पहचान सुंदर सिंह, पिता शिवभान सिंह, निवासी ग्राम लोखरिया, जिला सतना के रूप में हुई। घटना के बाद से ही वह फरार था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बड़वारा उपनिरीक्षक सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय करने के साथ साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

छतरपुर। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सटीया मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल हुए भूरे राय पिता दीनदयाल राय की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों ने घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां वर्तमान में उसका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल ले गए। अज्ञात वाहन के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।

स्कूल शिक्षा आयुक्त ने शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ा का किया निरीक्षण

खजुराहो। स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त अभिषेक सिंह खजुराहो पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने जनपद शिक्षा केंद्र राजनगर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विद्यार्थियों से अंग्रेजी वर्ण माला के शब्द, पहाड़े, जोड़ के प्रश्न पूछें साथ ही बच्चों से किताब भी पढ़वाई। इस दौरान सामान्य जानकारी हेतु फल,सब्जी,जानवरों के नाम पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर को जाना।

बागेश्वर धाम की सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा कल आयेगी, हटा में लगेगा दिव्या दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के हटा आगमन को लेकर आयोजन समिति बागेश्वर धाम शिष्य मंडल हटा द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई। प्रेस वार्ता में देवश्री रामगोपाल जी सरकार मंदिर के महंत श्री श्यामदास जी महाराज, कु. पुष्पेंद्र सिंह हजारी, विवेक रिक्की असाटी, कु. अनुराग वर्धन सिंह हजारी सहित अन्य उपस्थितजनों ने रथयात्रा के आगमन, स्वागत एवं धार्मिक आयोजनों की क्रमवार जानकारी दी।

बताया कि वर्ष 2021 के बाद बागेश्वर धाम सरकार पुनः हटा आगमन कर रहे हैं। इसे लेकर नगर एवं क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। उपकाशी के नाम से विख्यात हटा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप इस आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की अपील की गई। आयोजकों ने कहा कि नगर एवं क्षेत्रवासी सामूहिक सहभागिता से इस कार्यक्रम को हटा के ऐतिहासिक आयोजनों में स्वर्णिम अध्याय के रूप में स्थापित करें। साथ ही सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का सादर आमंत्रण दिया गया।

अनुराग वर्धन से हजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अक्टूबर सोमवार को शाम 7 बजे विशिष्टजनों की मौजूदगी में अगवानी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके लिए सिद्धार्थ मेरिज गार्डन के सामने पन्ना नाका को स्वागत स्थल निर्धारित किया गया है। शाम 7:30 बजे गौरीशंकर मंदिर दर्शन, दद्दा कला मंच पर आगमन, देव श्री बालाजी सरकार की आरती, भारत माता की आरती होगी। इसी के साथ उपकाशी नगर हटा की परम्परा अनुसार बागेश्वर धाम सरकार गुरुजी का स्वागत साफा, तिलक एवं बड़ी माला से किया जाएगा। इसके बाद शाम 8 बजे से हरि इच्छा तक दद्दा कला मंच पर दिव्य दरबार एवं संकट दुख नाशन हनुमान चालीसा यज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम के उपरांत आकाश पैलेस के लिए प्रस्थान, वहां आगमन, शिष्य मंडल, अतिथियों एवं विशिष्ट जनों के साथ भेंट कार्यक्रम तथा भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगी।

ध्वजारोहण राष्ट्रगान उपरांत पटेरा दमोह की ओर प्रस्थान

13 अक्टूबर की सुबह 8 बजे आकाश पैलेस में वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सुबह 8:30 बजे दद्दा कला मंच पर ध्वजा रोहण, राष्ट्रगान, हनुमान चालीसा एवं यात्रा के 9 प्रमुख संकल्पों की शपथ दिलाई जाएगी। सुबह 9 बजे रथयात्रा मुख्य मार्ग की ओर मंच से प्रस्थान कर टाल पहुंचेगी, जहां स्वागत किया जाएगा। इसके बाद मां चंडी जी की ओर प्रस्थान, चंडी जी मंदिर दर्शन एवं पुष्पेंद्र हजारी द्वारा आयोजित चंडी यज्ञ में सम्मिलित होंगे। सुबह 9:50 बजे मुख्य मार्ग होते हुए यात्रा अंधेरा बगीचा से पटेरा हिंडोरिया दमोह की ओर प्रस्थान करेगी। इस दौरान नगर में मुख्य मार्ग पर ऊमा श्री पैलेस के मोड़ पर हटा विधायक द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद अग्रवाल पेट्रोल पंप, खचना नाका तथा पटेरा रोड पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम होंगे।

आयोजन समिति एवं बागेश्वर धाम शिष्य मंडल ने नगर और क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक आयोजन में सहभागी बनकर इसे भव्यता प्रदान करें। आयोजकों ने विश्वास जताया कि हटा की धर्मपरायण जनता के सहयोग से सनातन हिंदू एकता रथयात्रा का आगमन यादगार और ऐतिहासिक बनेगा।

कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल बना सत्यम का मृत्यु प्रमाण पत्र



दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव जिला अस्पताल से जब घायल छात्रा को देखने के बाद लौटते समय बाहर परिसर में आये तो जिले के ग्राम अगारा बटियागढ़ निवासी गिरीश गौतम और उनकी पत्नी मीना गौतम ने अपनी व्यथा कलेक्टर को सुनाई और कहा मेरे बेटे सत्यम गौतम की मृत्यु 22 सितम्बर 26 हो गई थी, लेकिन अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिला है, साहब में एक तो मेरा बेटा खत्म हो गया है, इसके बाद मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। कलेक्टर श्री यादव ने मानवीयता का परिचय देते हुये परिजनों को तुरंत ढाढस बंधाया और कहा चिंता मत करो तुम्हें अभी बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र मिलेगा । उन्होंने तुरंत मोबाईल पर सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल को निर्देश दिये कि गौतम परिजनों को तत्काल बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाया जाये। उन्होंने तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी को भी निर्देशित किया कि तत्काल इन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाया जाये। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर जिला चिकित्सालय ने तत्काल कार्यवाही करते हुये मृतक सत्यम गौतम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया। कलेक्टर श्री यादव ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से कहा है, सभी तरह के मामलों में मानवीयता का परिचय दिया जाये और उनकी परेशानियों का तत्काल निराकरण किया जाये, आखिर हम सब भी इंसान है, यह हमारा धर्म है।

टाईम्स पब्लिक स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



दमोह। टाईम्स पब्लिक स्कूल में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने ऑटोमेटिक वाटर डिस्पेंसर, चंद्रयान-2, स्मार्ट सिटी और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विद्यार्थियों ने मॉडलों की कार्यप्रणाली समझाते हुए विज्ञान के सिद्धांतों की जानकारी दी। अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय संचालक सुशील गुप्ता एवं सुनीता गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। सह-संचालक प्रियांश गुप्ता एवं प्राचार्य अजय मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देते हैं। अंत में प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अग्रवाल समाज ने निकाली महाराजा अग्रसेन जयंती की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज दमोह द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सुबह 10:30 बजे फुटेरा वार्ड क्रमांक-2 स्थित अग्रवाल धर्मशाला, महाराजा अग्रसेन चौक से प्रारंभ हुई। सबसे आगे बग्गी पर महाराजा अग्रसेन की झांकी, उसके पीछे समाज की मातृशक्ति, महाराजा अग्रसेन का रथ और पुरुष वर्ग शामिल रहा। डीजे और ढोल की धुन पर युवाओं व युवतियों ने नृत्य किया। शहर में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत कर पुष्पवर्षा की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने पहुंचकर पूजन-अर्चन किया। अंकित अग्रवाल परिवार, श्याम अग्रवाल परिवार, राज कोल डिपो परिवार, अग्रवाल महिला मिलन समिति, महिला महासभा, सरिता अग्रवाल परिवार, गणेश लड्ढू परिवार, पीडी शेलार स्मृति न्यास, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, किराना व्यापारी संघ, वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश सहित विभिन्न परिवारों एवं सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। आयोजन में अग्रवाल तरुण मंच, अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति, अग्रवाल महिला महासभा एवं महिला मिलन समिति के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा के समापन पर सामाजिक भोज आयोजित किया गया। पुलिस प्रशासन की सतर्कता से शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। समाज की ओर से पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

दशहरा व नवरात्रि पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया



आगामी त्यौहारों को आपसी सदभाव,भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार की शाम को पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।यह बैठक एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी एवं नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह,थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई ।जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक ,जनप्रतिनिधि, दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए ।बैठक के दौरान आगामी नवरात्रि और दशहरा पर्व को लेकर सुरक्षा ,यातायात और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में दोपहर 02 बजे से देवी जी की सभी प्रतिमाओं को निकालने का निर्णय लिया गया है। एसडीओपी प्रिया सिंधी ने सभी समितियों से अपील की कि वह पंडालों में बिजली, सुरक्षा व्यवस्थाओं और सीसीटीवी कैमरा की उचित व्यवस्था रखें ।उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान और हुड़दंग करने वाले और शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी इसके साथ ही ड्रोन कैमरों से जुलूस की सतत निगरानी की जाएगी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने बैठक में उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि विसर्जन एवं चल समारोह के द्वारा निर्धारित रूट का पालन किया जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचने और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया । साथ ही असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।बैठक में उपस्थित नागरिकों ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था और त्योहारों के दौरान बिजली की सुचारू आपूर्ति को लेकर अपने-अपने सुझाव रखें। उक्त अवसर नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह ठाकुर, हाजी नबबा खान, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, आर आई धनीराम तेकाम,रामसिंह ठेकेदार, विधुत मंडल जेई प्रदीप परिहार , पूर्व मंडल अध्यक्ष हल्कू ठाकुर, डॉक्टर कैयूम मिर्जा, एडवोकेट शरद प्यासी,शुधान्सू चौबे,तैयूब अली, एएसआई मलखान सिंह, कालूराम अहिरवार, धर्मेन्द्र अहिरवार,अन्नू सिंह राजपूत, पप्पू ठाकुर,सुजात खान एवं नगर परिषद, पुलिस स्टांप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी भवन और सड़क निर्माण की मांग



हिंडोरिया। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में आयोजित जिला समन्वय बैठक में दमोह ब्लॉक के ग्राम मित्र मंडलों के सदस्यों ने नए आंगनबाड़ी भवनों और सड़क निर्माण की मांग को लेकर आवेदन सौंपे। समाज शिल्पी सुजात खान, खिलान आदिवासी, सुदामा दुबे, खेमचंद विश्वकर्मा, दशरथ गौड़, कमोद सिंह और शंकर अहिरवार ने बताया कि नोनपानी, मुहली, काढ़ीपुर, तानखेड़ी, चैनपुरा, छापरी ठाकुर, खैरुआ, रौड़ा, पटना, गुंजी, लुहर्रा, आमखेड़ा, भौरखेड़ा, सुरखी और उमरिया सहित विभिन्न गांवों में भवनविहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए राशि स्वीकृत कर भवन निर्माण कराने की मांग की गई। इसके अलावा मुहली, पंडा, मड़िया, नीमखेड़ा और तानखेड़ी में सड़क निर्माण का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक में मौजूद लोक निर्माण विभाग एवं महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

निक्षय मित्र मिशिता ने टीबी मरीज को दी फूड बास्केट



दमोह। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एकलव्य यूनिवर्सिटी कॉलेज में जोश टीम के शुभारंभ अवसर पर आठ वर्षीय निक्षय मित्र मिशिता राजपूत ने एक जरूरतमंद टीबी मरीज को फूड बास्केट वितरित की। कक्षा चौथी की छात्रा मिशिता पिछले तीन वर्षों में अब तक पांच टीबी मरीजों की मदद कर चुकी हैं। कार्यक्रम कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. राकेश राय के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव प्रफुल्ल शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता रानी चटर्जी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन, एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. हृदय नारायण तिवारी, माय भारत के अधिकारी अनुज प्रताप सिंह तोमर सहित कॉलेज प्रबंधन उपस्थित रहा।

सुनार नदी के तट पर तर्पण कर पितरों को दी विदाई, मांगा समृद्धि का आशीर्वाद



हटा। नगर में शनिवार को पितृमोक्ष अमावस्या श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस दौरान सुबह श्रृद्धालुओं ने अपने पितरों का तर्पण कर विदाई दी। इस दौरान श्रृद्धालुओं ने मां सुनार सरिता के पवित्र जल में स्नान कर अपने पूर्वजों को विदाई दी और उनसे आशीर्वाद लिया। नगर में सुधार नदी के सुरई घाट पर पंडित बृजेश दुबे के नेतृत्व में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ 15 दिनों तक चलने वाले पितृतर्पण शनिवार सुबह समाप्त किये गये। वहीं लोगों ने पिंडदान और पितरों की मोक्ष शांति के लिए दान दक्षिणा आदि किये। वहीं रात्रि में भूतड़ी अमावस्या मनाई गई इस अमावस्या पर कष्ट दूर करने और आत्माओं की शांति के लिए विशेष पूजा-पाठ और तांत्रिक विधियां भी आयोजित की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सुनार नदी के घाटों पर पूजन किया। शनिवार को पितृमोक्ष अमावस्या पर पितरों को तर्पण दिया गया। अल सुबह नगर से भक्तों का आना शुरू हो गया था। वहीं अमावस्या के शुभ अवसर लोगों ने स्नान पूजन आदि कार्य संपन्न किये। वहीं घरों में श्राद्ध कार्यक्रम किये गये जहां घाटों पर भक्तों की भीड़ लगी रही।

पुरैना तालाब पर शहीद सैनिकों और पूर्वजों का किया पिंडदान

दमोह। पितृमोक्ष अमावस्या के अवसर पर शनिवार सुबह पुरैना तालाब पर देश के अमर शहीद सैनिकों एवं पूर्वजों की आत्मशांति के लिए पिंडदान किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों के साथ शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पं. राहुल शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक पितरों के श्राद्ध और तर्पण की परंपरा है। यह पर्व पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और उनकी आत्मा की शांति के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्रता के साथ अपने धर्म और परंपराओं का पालन कर पा रहे हैं। इसलिए उनका स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया एवं विशिष्ट अतिथि कार्यालय मंत्री अखिलेश चौबे सहित प्रवीण तिवारी, वीरू साहू, शरद चौरसिया, आशीष चौरसिया, अनिल सोनी, रंजीत चौरसिया, राहुल सेन, दीपक पाठक, चिन्नू सोनी और सतेंद्र चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

108 कलशों से हुआ मुनिसुव्रतनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक



दमोह। शनि अमावस्या के पावन अवसर पर सागर नाका स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सदगुवां मंदिर में मुनिसुव्रतनाथ भगवान का भव्य महामस्तकाभिषेक श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। मुनि श्री श्रुतेश सागर जी एवं मुनि श्री सुश्रुत सागर जी के मंगल सानिध्य में आयोजित महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान की विशाल प्रतिमा का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। इस दौरान लगभग 250 श्रद्धालुओं ने इंद्र बनकर अभिषेक में भाग लिया। प्रथम कलश का सौभाग्य शुभम महेश दिगंबर, द्वितीय कलश राकेश पुजारी, तृतीय कलश मुकेश सिंघई तथा चतुर्थ कलश का सौभाग्य जिनेंद्र जैन मंडला परिवार को प्राप्त हुआ। विभिन्न श्रद्धालुओं ने शांतिधारा कर धर्मलाभ प्राप्त किया। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में अभिषेक और पूजन की महिमा बताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा का अवसर न मिलने पर भी अपने नगर, मोहल्ले और गांव के मंदिरों में जाकर नियमित पूजन-अभिषेक करना चाहिए। जैन युवा संघ द्वारा प्रत्येक रविवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में अभिषेक-पूजन की परंपरा की उन्होंने सराहना की। ब्रह्मचारी अजय भैया झापन-तमूरा के निर्देशन में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन की क्रियाएं संपन्न हुईं। मंदिर समिति के सदस्यों ने अभिषेककर्ताओं का माला पहनाकर स्वागत किया। आयोजन में जैन पंचायत, जैन मिलन, मित्र मंडल, जैन युवा महासंघ, जैन सेवा दल स्वयंसेवक समिति, त्यागी-व्रती समिति सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और महिला मंडलों के सदस्य उपस्थित रहे। महोत्सव के सफल आयोजन पर श्री पार्श्वनाथ जैन सदगुवां मंदिर ट्रस्ट समिति, दीपक जैन सदगुवां, सतीश जैन एवं आशीष पद्मश्री ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

नवरात्र पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

बैठक में रिपटा पुल पर सड़क एवं नगर की गलियों में गड्ढे भरने पर दिया जोर



हटा। आगामी नवरात्र दशहरा पर्व एवं बागेश्वर धाम सरकार की सनातन हिंदू एकता यात्रा को लेकर शनिवार को हटा थाना मंदिर परिसर में शांति समिति की बैठक एसडीएम राकेश मरकाम की अध्यक्षता में एसडीओपी केपी सिंह कार्यपालिक मजिस्ट्रेट उमेश तिवारी थाना प्रभारी सुधीर बेगी सीएमओ राजेन्द्र खरे सहित नगर के गणमान्य लोगो व देवी समिति के सदस्यो की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई जिसमें यातायात व्यवस्था सफाई बिजली और सड़क सुधार जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं आगामी 12 अक्टूबर को सनातन हिंदू एकता यात्रा हटा पहुंचेगी इस दौरान अंधियारा बगीचा से गौरीशंकर मंदिर तक का मार्ग नो व्हीकल जोन रहेगा। 13 अक्टूबर को चंडी जी मंदिर में दर्शन के बाद यात्रा पटेरा की ओर रवाना होगी एसडीओपी केपी सिंह ने नागरिकों से यातायात और पार्किंग व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। वहीं बैठक में रेस्ट हाउस के पास रिपटा पुल की सड़क बनाए जाने उपस्थित लोगों ने मांग उठाई जैसे एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही पल पर रोड बनाए जाने का लोगों को आश्वासन दिया। वहीं बैठक में नगर की उबड़-खाबड़ खराब सड़कों बड़े बाजार में अतिक्रमण, बिजली के झूलते तारों और जगह-जगह जमा कचरे की समस्या उठाई गई जिसको लेकर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सड़क सुधार के निर्देश दिए एवं दुर्गा पंडालों में सुरक्षित बिजली कनेक्शन और अग्निशमन यंत्र रखने की अपील भी की गई। बैठक में बताया गया कि 19 अक्टूबर को जवारा विसर्जन और 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। एसडीओपी ने डीजे पर फूहड़ता गाने नहीं बजाने नियमों का पालन करने और धार्मिक सदभाव बनाए रखने की अपील की। एसडीओपी कृष्णपाल सिंह ने नवरात्र के दौरान रात्रि गश्त बढ़ाने थाना प्रभारी को निर्देशित किया। वहीं एसडीओपी ने दुर्गा समिति के सदस्यों से कहा कि पंडालों में डीजे निर्धारित मापदंड अनुसार ही बजाए जाएं फूहडता भरे गाने न बजाए जाएं। वहीं पार्षद प्रतिनिधि रितेश अग्रवाल ने मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों की तेज गति पर रोक लगाने की बात कही इसके अलावा नगर में नगर पालिका द्वारा लगाएगी सीसीटीवी कैमरे सुधारे जाने की बात कही वही बृजेश गुप्ता ने चिरौल तिराहा पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही जिस पर सीएमओ ने कैमरा लगाने का आश्वासन दिया। बैठक में रामगोपाल जी महंत श्यामदास जी महाराज बालाजी मंहत हरिराम दास पुष्पेन्द्र हजारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा योगेश सराफ दीपेश पटेरिया डां. सीएल नेमा रीतेश फौजदार, ब्रजेश गुप्ता, रामनाथ राय, पवन ठाकुर, टोनू खुराना, सतवीर अरोरा, पार्षद प्रतिनिधि हरिशंकर साहू, एमपीईबी एई प्रशांत खरे उपयंत्री जाकिर रंगरेज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, दुर्गा पंडाल समितियों के सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शारदेय नवरात्रि : प्रथम दिवस

सृष्टि पालन की सनातन चेतना का दिव्य उद्गम ही नवदुर्गा : श्री भगवान

सनातन धर्म, नीति और लोकमंगल के शाश्वत सिद्धान्तों का संदेश देते हुए श्रीमहंत श्री भगवान वेदान्त रसिकाचार्य ने माँ तत्त्व की महिमा का आध्यात्मिक विवेचन किया।वैदिक मंत्रों की पावन ध्वनि के मध्य सम्पन्न सत्संग में उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा केवल शक्ति की अधिष्ठात्री ही नहीं, अपितु समस्त चराचर जगत में संतुलन, मर्यादा, करुणा और सृष्टि संचालन की सनातन चेतना का मूल स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा-तत्त्व भारतीय आध्यात्मिक परम्परा की वह अविरल धारा है, जो युगों के परिवर्तन के पश्चात भी मानवता को धर्ममार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। देवी-उपासना का वास्तविक उद्देश्य केवल अनुष्ठान अथवा आराधना तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन में धर्म, संयम, कर्तव्यनिष्ठा और परोपकार जैसे सद्गुणों को आत्मसात करना है। श्री भगवान ने प्रतिपादित किया कि जीवन केवल भोग और उपभोग का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने तथा लोककल्याण के लिए स्वयं को समर्पित करने का अवसर है। जिस प्रकार सूर्य बिना किसी अपेक्षा के सम्पूर्ण जगत को प्रकाश प्रदान करता है, उसी प्रकार धर्मनिष्ठ महापुरुष अपने आचरण और सेवा से समाज को दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भक्ति केवल भावावेश नहीं, अपितु अंतःकरण की जागृति है। सच्ची उपासना वही है, जो मनुष्य के विचारों को निर्मल, आचरण को मर्यादित और जीवन को परोपकार के लिए प्रेरित करे। नवदुर्गा की आराधना शक्ति, साधना और सदाचार के समन्वय का संदेश देती है। यही सनातन चेतना का सार तथा धर्म का वास्तविक लोकमंगलकारी स्वरूप है। जिसमें नवदुर्गा की प्रथम स्वरूपा माँ शैलपुत्री ही आदिशक्ति रूप में अटूट संकल्प और सनातन चेतना की प्रतीक हैं। पर्वतराज हिमालय की पुत्री एवं वृषभवाहिनी माँ की आराधना साधक के जीवन में आत्मबल, धैर्य और धर्मनिष्ठा का संचार करती है। उनका दिव्य स्वरूप प्रकृति-संरक्षण, साधना की दृढ़ता और सदाचार का संदेश देते हुए मानव को आध्यात्मिक उत्कर्ष की ओर प्रेरित करतीं चली आ रही है ।


श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम
दमोह

अभाना में भीषण हादसा: बस की टक्कर से दो स्कूली छात्राओं की मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग; मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की सहायता के लिए पत्राचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जबलपुर रोड पर एक बार फिर रफ्तार के कहर के चलते स्कूल जा रही दो मासूम बच्चियों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीसरी की हालत गंभीर बनी हुई है घटना के बाद गुस्साए लोगों ने चका जाम कर दिया जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग ते देर नहीं लगी।
प्राप्त जानकारी के अनसार दमोह जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर जबलपुर रोड पर अभाना पेट्रोल पंप के पास शनिवार को दमोह से जबलपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने साइकिल से स्कूल जा रही तीन छात्रों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्राएं साइकिल सहित उछलकर दूर जा गिरी। तत्काल मौक पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई पुलिस को सूचना दी गई छात्राओं को अस्पताल भिजवाया गया लेकिन तब तक दो की मौत हो चुकी थी। घटना के प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बस क्रमांक एमपी 20 PA 0550 दमोह से जबलपुर तरफ काफी तेज रफ्तार से जा रही थी। पहाड़ी ढलान उतरते





समय एक अन्य बस को ओवरटेक करते हुए यह बस अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान स्कूल जा रही सातवीं आठवीं की तीन छात्राओ को बस ने चपेट में लेकर जानलेवा टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे की खबर लगते बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस के पहुंचने के पहले ग्रामीणों ने चका जाम शुरू कर दिया। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पहुंचकर समझाएं देते रहे लेकिन गुस्सा आए लोग कलेक्टर को मौके पर बुलाने तथा मृतको के परिजनों को आर्थिक सहायता सहित अन्य मदद दिलाए जाने तथा इस तरह के हादसो को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाने की मांग कर रहे हैं।
इधर घटना की जानकारी लगने पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव दमोह जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घटना के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे, उपाध्यक्ष मनीष तिवारी सहित अन्य भाजपा नेताओं ने घटना की जानकारी लेकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।
विधायक जयंत मलैया ने भी जिला



अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। जबेरा विधायक मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी घटना की जानकारी लगते ही वरिष्ठ अधिकारियों को जिला अस्पताल भेज तत्काल चिकित्सीतय सुविधा उपलब्ध कराकर आर्थिक मदद आदि के लिए निर्देश दिए।

दो की मौत दो का इलाज जारी

मृत छात्राओं के नाम आरुषि पिता भानू प्रताप लोधी, उम्र 13 वर्ष, कक्षा 8वीं, निवासी इमालिया तथा दसोदा पिता कृष्णा पटेल, उम्र 13 वर्ष, कक्षा 8वीं, निवासी अभाना है। घायल छात्राओं में नित्या पिता संतोष सेन, उम्र 13 वर्ष, निवासी तालगांव की हालत गंभीर है। चौथी छात्रा खुशी यादव को मामूली चोट आई है।

2-2 लाख की सहायता के लिये पत्राचार

अभाना के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो छात्राओं की मौत और एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर प्रशासन ने तत्काल सहायता राशि की प्रक्रिया शुरू कर दी है।दोनों मृत छात्राओं के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता से दो-दो लाख रुपए दिलाने के लिए पत्राचार किया गया है। वहीं घायल छात्रा को 10,000 रुपए का चेक कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे द्वारा जारी किया गया। जिला अस्पताल दमोह में एसडीएम प्रभार संभाले डिप्टी कलेक्टर संजय दुबे एवं राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर द्वारा घायल व परिजनों को प्रदत्त कराया गया।

न्यायालयों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप पर तहसीलदार निलंबित और एसडीएम को हटाया

आमजन को समय पर न्याय मिले, प्रकरणों का निराकरण पारदर्शिता से हो- कलेक्टर
कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

आमजन को अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनके आवेदनों पर समय-सीमा में पारदर्शी एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित हो, इसके लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर तहसील दमोह के सभी छह न्यायालयों का निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर तहसीलदार दमयंती नगर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, एसडीएम दमोह को तत्काल प्रभाव से पद से हटाते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। संबंधित रीडर को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है, इसके अतिरिक्त सात अधिकारियों-कर्मचारियो को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। उनके जवाब प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
अधिकारिता के बिना आदेश पारित करने सहित कई अनियमितताएं मिलीं। कलेक्टर श्री यादव ने बताया निरीक्षण के दौरान अधिकारिता के बिना आदेश पारित करने, आमजन को सुनवाई का अवसर दिए बिना मनमाने तरीके से आवेदन निरस्त करने तथा प्रकरणों को नस्तीबद्ध करने जैसी अनियमितताएं सामने आई हैं। इसके अलावा, जिन प्रकरणों में जुर्माना आरोपित किया गया था, उनमें जुर्माने की राशि जमा कराए बिना ही प्रकरणों को दाखिल-दफ्तर करने अथवा नस्तीबद्ध करने के मामले भी सामने आए हैं। इससे शासन को वित्तीय क्षति होने की आशंका है। कलेक्टर ने इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की है।
कलेक्टर श्री यादव ने बताया जनसुनवाई में लगातार शिकायते आती थी। उन्होने बताया एसडीएम कोर्ट/ तहसीलदार कोर्ट और आरआई कार्यालय की एक साथ जांच कराई गई। जिसकी जांच एडीशनल कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर्स एवं तहसीलदार द्वारा की गई। जिसकी विस्तृत जांच रिपोर्ट उपरांत कार्यवाही की गई।

एसडीएम और तहसीलदार का प्रभार सौंपा

श्री यादव ने कहा वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर संजय दुबे को एसडीएम दमोह का प्रभार दिया गया है। वहीं, दमोह नगर में पहले से पदस्थ रघुनंदन चतुर्वेदी को तहसीलदार का प्रभार सौंपा गया है। जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश
कलेक्टर श्री यादव ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से अपील की कि वे नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए आमजन की समस्याओं का तत्परता, पारदर्शिता और विधिसम्मत तरीके से निराकरण करें। उन्होंने कहा नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा शासन की जनकल्याणकारी मंशा को धरातल पर साकार करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

अभाना बस हादसा: बस का परमिट 30 दिन के लिए निलंबित, स्थायी निरस्तीकरण का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

अभाना के समीप हुए सड़क हादसे में दो छात्राओं की मौत के बाद परिवहन विभाग ने यात्री बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0550 के खिलाफ कार्रवाई की है। सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार सागर ने दमोह-जबलपुर मार्ग के एक वापसी फेरे का परमिट 30 दिन के लिए निलंबित कर बस मालिक मुस्तरी बेगम, नूरी नगर दमोह को नोटिस जारी किया है। साथ ही सात दिन में स्पष्टीकरण मांगा है कि स्थायी परमिट निरस्त क्यों न किया जाए।10 अक्टूबर को नोहटा थाना क्षेत्र के ग्राम अभाना के समीप बस की टक्कर से दो छात्राओं की मृत्यु हो गई, जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई।जारी नोटिस के अनुसार, बस का पंजीयन 2 सितंबर 2011 को हुआ था और उसने 1 सितंबर 2026 को 15 वर्ष की आयु पूरी कर ली। परिवहन विभाग के अनुसार, निर्धारित अवधि पूरी होने से पहले परमिट का किसी नए यात्री वाहन पर प्रतिस्थापन नहीं कराया गया, जो मोटरयान अधिनियम एवं परमिट की शर्तों का उल्लंघन है।मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 86(1)(क) के तहत 3 मई 2025 से 2 मई 2030 तक वैध स्थायी परमिट के तहत दमोह-जबलपुर मार्ग पर संचालित एक वापसी फेरे को 30 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। निलंबन अवधि में बस का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार सागर ने जिला परिवहन अधिकारी दमोह को तत्काल नोटिस तामील कराने के निर्देश दिए हैं।

पटेरा में महाविद्यालय शुरू कराने विधायक को सौंपा ज्ञापन



पटेरा। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित महाविद्यालय को पटेरा नगर में शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक उमादेवी खटीक को ज्ञापन सौंपा और 14 अक्टूबर को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। विधायक खटीक ने कहा कि वह अपने 12 वर्ष के विधायकी कार्यकाल से पटेरा में महाविद्यालय खोलने के लिए प्रयासरत हैं। वर्ष 2018 में उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री से इसकी घोषणा कराई थी। वर्ष 2023 में पुनः विधायक बनने के बाद उन्होंने 2025 और 2026 में भी मुख्यमंत्री से महाविद्यालय की घोषणा कराई। उन्होंने कहा कि पटेरा में महाविद्यालय खोलने की मांग को लेकर नगरवासी जो प्रयास कर रहे हैं, वह उनके साथ हैं। उन्होंने 14 अक्टूबर को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में शामिल होने का आश्वासन देते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर प्रतिनिधिमंडल को भोपाल भी ले जाएंगी। उनका प्रयास रहेगा कि किसी आगामी शैक्षणिक सत्र में पटेरा में महाविद्यालय प्रारंभ हो सके। विधायक ने कहा कि वह ज्ञापन को आज ही उच्च शिक्षा मंत्री को प्रेषित करेंगी।

अतिरिक्त भवन का किया भूमिपूजन



दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नोहटा में 74.95 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 05 अतिरिक्त कक्षों का भूमिपूजन किया। संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा इससे पूर्व विद्यालय में प्रयोगशाला कक्ष के निर्माण हेतु किए गए भूमिपूजन के पश्चात कार्य भी प्रगतिरत है। निश्चित ही इन कक्षों के निर्माण से विद्यालय में शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार होगा तथा छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है।

दमोह ग्रामीण को सड़क विकास की सौगात

12 सड़कों के टेंडर जारी, 7 सड़कें अगले चरण में होंगी शामिल

दमोह। मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के तहत दमोह ग्रामीण क्षेत्र में 12 सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर जारी किए गए हैं, जबकि शेष 7 सड़कों को अगले चरण में शामिल किया जाएगा। विधायक जयंत मलैया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि योजना से गांवों, मजरा और टोलों को सड़क संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य आगे बढ़ेगा।पहले चरण में बिसनाखेड़ी-लखनाखेड़ी, हरदुआ खुर्द-डवा, इमलाई-पुतनारी टोला, सुहेला के पौड़ी रामगढ़, छितरा-भलाघाट, कुलुआ-मझवारा, सिंगपुर-चांदी टोरिया, खबैनामाल-खबैना चाक, खडेरा के बड़ैयाखेड़ा, बिजौरी के रज्जाक टोरिया, पटना खुर्द के हरदुआ हरटी और बिजौरी के कोटवार मोहल्ले की सड़कें शामिल हैं। इनकी लंबाई 0.28 से 2.24 किलोमीटर तक है।वहीं, अगले चरण में खजरी के टपरिया टोला, टिकरी बुजुर्ग के टिकरी खोह, हरदुआ मुड़र के खंचारी पटी स्थित यादव मोहल्ले, बिजौरी, दसौंदा के जुझारघाट, मुड़िया के पड़रई और नौगपानी के सुनपुरा की सड़कें शामिल की जाएंगी। इनकी लंबाई 0.456 से 3.74 किलोमीटर तक प्रस्तावित है।

नवरात्रि पर महिला सुरक्षा के लिए शक्ति मोबाइल रवाना

दमोह। शारदीय नवरात्रि पर महिला, बच्चों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दमोह पुलिस ने विशेष पहल की है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) ने कोतवाली थाना परिसर से शक्ति मोबाइल गश्ती दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।शक्ति मोबाइल दल शहर के प्रमुख दुर्गा पंडालों, गरबा स्थलों, देवी मंदिरों और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त करेगा। छेड़छाड़, फब्तियां कसने और असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखते हुए जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।एसपी ने स्पष्ट किया कि नवरात्रि के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने और पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।इस अवसर पर सीएसपी एच.आर. पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण आयुक्त को लिखा पत्र

दमोह। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण आयुक्त को कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में किसान पंजीयन की तिथि में वृद्धि के संबंध में पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है, किन्तु तकनीकी समस्याओं के कारण कुछ कृषकों के धान पंजीयन होना शेष रह गये हैं। कृषकों द्वारा सीएम हेल्पलाईन, दूरभाष एवं अन्य माध्यमों से धान पंजीयन न होने की शिकायत दर्ज कराई जा रही है। धान पंजीयन हेतु शेष रह गये कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये धान पंजीयन की अवधि में वृद्धि करने का आग्रह किया गया है जिससे पंजीयन के लिये शेष बचे कृषक अपना पंजीयन करा सकें।

मायके से लापता नवविवाहिता का 15 किमी दूर पेड़ पर लटका मिला शव

मोबाइल और मंगलसूत्र गायब, परिजनों ने जताई आशंका



तेंदूखेड़ा। थाना क्षेत्र के ग्राम जामुन की 21 वर्षीय नवविवाहिता सोनम ठाकुर का शव शनिवार को तारादेही मार्ग पर दरौली गांव के समीप भामका वाली पुलिया के पास पेड़ से लटका मिला। युवती का पांच माह पहले विवाह हुआ था और वह करीब एक माह से मायके में रह रही थी। शनिवार को उसे ससुराल जाना था, लेकिन शुक्रवार रात वह अचानक लापता हो गई। जानकारी के अनुसार, सोनम का विवाह 12 मई को ग्राम जरुआ, थाना केसली, जिला सागर निवासी संदीप ठाकुर से हुआ था। परिजनों ने रात में उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसी बीच सोशल मीडिया पर सड़क किनारे पेड़ से लटके महिला के शव की तस्वीर प्रसारित हुई। परिजनों ने तस्वीर देखकर शव की पहचान सोनम के रूप में की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के अनुसार, सोनम रात करीब 12 बजे तक घर पर थी। रात लगभग 11 बजे उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात नंबर से फोन भी आया था। परिजनों ने सवाल उठाया कि वह घर से करीब 15 किलोमीटर दूर कैसे पहुंची। उन्होंने उसका मोबाइल और मंगलसूत्र गायब होने की बात भी कही तथा पैनल से पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल तक जाने वाले मार्ग के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नोहटा में राज्यमंत्री श्री लोधी की जनसुनवाई, 69 आवेदन प्राप्त



दमोह। जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नोहटा स्थित निज कार्यालय में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा प्रत्येक शनिवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी क्रम में आज आयोजित विशेष जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 69 आवेदन प्राप्त हुए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से उन समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया, जिनका समाधान मौके पर संभव था। वहीं, शेष आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से आमजन को अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए सुलभ मंच उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने नेता प्रतिपक्ष से की मुलाकात



गैसाबाद। ग्रामीण क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की बर्बाद फसलों के मुआवजे, ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। देवरी विधानसभा प्रभारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रतनचंद जैन के नेतृत्व में तथा हटा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव के सौजन्य से हुई इस मुलाकात में कार्यकर्ताओं ने उमंग सिंघार को हटा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने का आमंत्रण दिया। इस पर उन्होंने शीघ्र ही क्षेत्र का दौरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतनचंद जैन, खूबचंद तंतुवाय, सफल त्रिवेदी, कृष्णगोपाल श्रीवास्तव और अखिलेश तिवारी उपस्थित रहे।